**HNB** **JAC** **IX-(9)/I/7002**

पृष्ठों की कुल संख्या : 20
Total No. of Pages : 20

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

# CLASS IX EXAMINATION, 2024

## ( Paper-I )

## हिन्दी ( बी ) / HINDI ( B )

## ( MCQ Type )

**समय :** 1 घंटा 30 मिनट | **पूर्णांक** : 40
Time : 1 Hr. 30 Min. | Full Marks : 40

**सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS :**

1. परीक्षार्थी से संबंधित ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रक के पृष्ठ 2 पर मुद्रित सभी सूचनाओं की सावधानी पूर्वक जाँच कर लें । यदि मुद्रित सूचनाएँ किसी अन्य परीक्षार्थी की हों, तो वीक्षक को तुरंत सूचित कर उसे बदल लें ।

   Carefully verify all information related to the candidate, printed on Page 2 of the OMR Answer Sheet. If the printed information belongs to any other candidate, then inform the Invigilator immediately and get it replaced.

2. आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर करें ।

   Put your full signature on the OMR Answer Sheet in the space provided.

3. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं ।

   There are 40 Multiple Choice Questions in this Question Booklet.

4. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है । गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटा जाएगा।

   **All** questions are compulsory. Each question carries 1 mark. No marks will be deducted for wrong answer.

5. OMR उत्तर पत्रक के पृष्ठ 1 पर प्रदत्त सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उसके अनुसार कार्य करें।

   Read the instructions provided on page 1 of the OMR Answer Sheet carefully and do accordingly.

6. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प ( A, B, C, D ) दिये गये हैं । **इनमें से सबसे उपयुक्त उत्तर को आप अपने OMR उत्तर पत्रक पर ठीक-ठीक गहरा काला करें।** नीला या काला बॉल-प्वाइंट कलम का ही प्रयोग करें। पेंसिल का प्रयोग वर्जित है।

   Four options ( A, B, C, D ) are given for each question. **You have to darken duly the most suitable answer on your OMR Answer Sheet.** Use only Blue or Black Ball-Point Pen. The use of Pencil is not allowed.

7. कृपया परीक्षा भवन छोड़ने से पहले **OMR उत्तर पत्रक वीक्षक को लौटा दीजिये।** प्रश्न पुस्तिका आप अपने साथ ले जा सकते हैं ।

   Before leaving the examination hall, **please hand over the OMR Answer Sheet to the invigilator**. You are allowed to take the question booklet with you.

**OMR उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन कीजिए**
**अन्यथा आपका OMR उत्तर पत्रक अमान्य होगा और उसकी जाँच नहीं की जायेगी।**

*Adhere to the instructions provided in the OMR Answer Sheet very carefully otherwise your OMR Answer Sheet will be invalid and it will not be evaluated.*

## खण्ड – क

### ( अपठित गद्यांश एवं पद्यांश ) ( 1  10 )

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन करें :

आज के युग में कम्प्यूटर का आविष्कार एक वरदान की तरह हुआ है । कम्प्यूटर दुनिया के जटिल से जटिल और श्रमसाध्य कार्यों को चुटकी बजाते ही हल कर देता है । कम्प्यूटर भविष्यवाणी तक कर सकता है, मनोरंजन करा सकता है तथा दुनिया की किसी भी जानकारी को पकड़ सकता है । कम्प्यूटर सूचनाओं को मानव–मस्तिष्क से अधिक तीव्र गति से विश्लेषित कर सकता है । कम्प्यूटर को ही संचार के क्षेत्र में आई क्रांति का वास्तविक कारण माना जा सकता है । यह एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जिसमें सूचनाओं का चुंबकीय टेप भरा जाता है । इसमें चिप पर कार्यक्रम

तैयार किए जाते हैं । चिप आदमी के नाखूनों के बराबर होता है । इस पर पैकेज तैयार होते हैं, जिसके माध्यम से कम्प्यूटर कार्य करता है ।

कम्प्यूटर में टेलीविजन की तरह ही एक स्क्रीन होती है । उससे जुड़ा हार्डवेयर होता है और उसी से जुड़ा टाइपराइटर की तरह ही अंकित अक्षरों वाला एक उपकरण होता है । कम्प्यूटर की मेमोरी में सूचनाओं को सुरक्षित रखा जाता है । इसमें एक प्रिंटर भी होता है, जिसके द्वारा सूचनाएँ मुद्रित की जाती हैं ।

1. कम्प्यूटर का आविष्कार आज के युग के लिए क्या है ?

   (A) अध्ययन (B) विश्लेषण

   (C) वरदान (D) अभिशाप

2. कम्प्यूटर में टेलीविजन की तरह क्या होता है ?

   (A) स्क्रीन (B) माउस

   (C) कीबोर्ड (D) प्रिंटर

3. 'श्रमसाध्य' का क्या अर्थ है ?

(A) साधना (B) माध्यम

(C) आराम (D) कठिन परिश्रम

4. 'चिप' का आकार कितना बड़ा होता है ?

(A) आदमी के आँख के बराबर

(B) आदमी के मुँह के बराबर

(C) आदमी के नाखून के बराबर

(D) आदमी की अँगुली के बराबर

5. कम्प्यूटर की मेमोरी में किसको सुरक्षित रखा जाता है ?

(A) अंकों को (B) सूचनाओं को

(C) गणनाओं को (D) इनमें से कोई नहीं

निर्देश : प्रस्तुत काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन करें :

पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले ।
पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी ।
हाल इसका ज्ञात होता है न और की जुबानी ।
अनगिनत राही गए उस राह से, उनका पता क्या ?
पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी ।।
यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है ।
खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले ।।
पूर्व चलने के बटोही बाट की पहचान कर ले ।।
यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना ।
जब असंभव छोड़ यह पंथ दूसरे पर पग बढ़ाना ।
तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी ।
सोच मन केवल तुझे ही यह पड़ा मन में बिठाना ।
हर सफल पंथी यही विश्वास कर इस पर खड़ा है ।
पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले ।।

6. 'बटोही' का क्या अर्थ होता है ?

(A) राह
(B) राही
(C) पलीता
(D) बरलोही

7. इस पद्यांश में कवि किस 'राह' के संबंध में बताना चाह रहे हैं ?

(A) जीवन की राह (B) घर की राह

(C) शहर की राह (D) गाँव की राह

8. हर सफल पंथी क्या करके इस पर खड़ा है ?

(A) अविश्वास (B) विश्वास

(C) जय (D) पराजय

9. कवि के अनुसार मनुष्य की असली परीक्षा कब होती है ?

(A) कठिन समय में (B) परीक्षा भवन में

(C) जीवन में अंत में (D) इनमें से कोई नहीं

10. हमारे जीवन-पथ की कहानी कहाँ नहीं लिखी होती है ?

(A) मंदिरों में (B) मस्जिदों में

(C) गिरजाघरों में (D) पुस्तकों में

## खण्ड – ख

**( व्याकरण + पत्र लेखन )** ( 11  24 )

निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सटीक उत्तर दीजिए :

11. 'महाराज' शब्द का सही वर्ण विच्छेद है –

(A) म् + अ + ह् + आ + र् + आ + ज् + अ

(B) म् + अ + ह् + अ + रा + ज् + अ

(C) म् + आ + ह् + अ + र् + आ + ज् + आ

(D) म् + अ + ह् + आ + र् + आ + ज् + आ

12. निम्नलिखित में रेफ ( ` ) संबंधी सही रूप है

(A) दुर्‌गा  (B) दुर्गा

(C) दूर्गा  (D) इनमें कोई नहीं

13. किसी व्यंजन अक्षर के नीचे लगाए जाने वाले बिंदु को .......... कहते हैं ।

(A) अनुस्वार (B) अर्द्धचंद्राकार

(C) नुक्ता (D) चंद्रबिंदु

14. साक्षरता वरदान है । रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है

(A) अनपढ़ता (B) साक्षर

(C) अशिक्षा (D) निरक्षरता

15. 'उपस्थित' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है ?

(A) उप (B) उ

(C) त (D) इत

16. प्रत्यय का प्रयोग होता है

(A) शब्द के आरंभ में

(B) शब्द के अंत में

(C) शब्द के मध्य में

(D) शब्द के आरंभ और अंत में

17. 'नदी' शब्द का पर्यायवाची है

(A) सरिता (B) धारा

(C) लहर (D) नदीश

18. 'गंगाजल' किस प्रकार का समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

19. 'कलेजे पर साँप लोटना' मुहावरे का सही अर्थ है

(A) छाती पर साँप का छूना

(B) ईर्ष्या से जलना

(C) मुँह से साँप निकलना

(D) इनमें से कोई नहीं

निर्देश : निम्न दिए गए रिक्त स्थानों को सही विकल्प द्वारा भरें -

सेवा में,

.......**20**.......

प्रधान डाकघर, सिमडेगा ।

विषय - नियमित डाक वितरण के संबंध में ।

महाशय,

मैं गाँधी चौक, सिमडेगा का निवासी हूँ । इस क्षेत्र का डाकिया बहुत ही लापरवाह है । समय पर आवश्यक .......**21**....... भी नहीं पहुँचाता है । कुछ डाक आस-पास खेलते बच्चों को दे देता है जिससे चिट्ठी, बुलावा पत्र आदि सही व्यक्ति को नहीं मिल पाता । इसकी .......**22**....... से मेरी अन्तर्वीक्षा छूट गई और नौकरी का एक अवसर गँवा दिया ।

अतः अनुरोध है कि इस पर उचित .......**23**....... करते हुए इस क्षेत्र में नया .......**24**....... भेजने की कृपा करें ।

आपका विश्वासी,

दिनांक 10 मई 2023

अ ब स

गाँधी चौक, सिमडेगा ।

20. (A) हेडमास्टर (B) स्टेशन मास्टर
    (C) पोस्टमास्टर (D) दर्जी मास्टर

21. (A) मेल (B) मिठाई
    (C) संवाद (D) डाक

22. (A) लापरवाही (B) ईमानदारी
    (C) बेइमानी (D) तत्परता

23. (A) निगरानी (B) कार्रवाई
    (C) ध्यान (D) दण्ड-विधान

24. (A) डाकिया (B) सेविका
    (C) आदेशपाल (D) दफ्तरी

## खण्ड – ग

**( पठित गद्यांश एवं काव्यांश )** ( 25 - 30 )

प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन करें :

मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं । प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है । वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाज़े खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम ज़रा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं । उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है । जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है ।

25. मनुष्य किस श्रेणी का है, यह क्या देखकर पता चलता है ?

(A) मनुष्य की वाणी (B) मनुष्य की भाषा

(C) मनुष्य की पोशाक (D) मनुष्य का व्यवहार

26. मनुष्य की पोशाकें क्या कार्य करती हैं ?

(A) उनको प्रतिष्ठित बनाती हैं ।

(B) उनको विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं ।

(C) भेद-भाव को कम करती हैं ।

(D) भाई-चारे को बढ़ाती हैं ।

27. पोशाक की तुलना किससे की गई है ?

(A) धन से (B) अहंकार से

(C) कटी पतंग से (D) बंद दरवाजे से

प्रस्तुत काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें -

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी ।

प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी ।

प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा ।

प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती ।

28. इस पद में कैसी भक्ति प्रकट हुई है ?

(A) दास्य भक्ति (B) साख्य भक्ति

(C) दांपत्य भक्ति (D) प्रेम भक्ति

29. यदि भगवान 'चंदन' हैं तो भक्त क्या है ?

(A) पानी (B) मोर

(C) चकोर (D) बाती

30. यदि भगवान 'दीपक' हैं तो भक्त क्या है ?

(A) पानी (B) मोर

(C) धागा (D) बाती

## खण्ड – घ

**( पाठ्य पुस्तक )** ( 31 - 40 )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन करें :

31. 'सागरमाथा' से क्या आशय है ?

(A) सागर का माथा (B) चोटी का नाम

(C) सागर का मंथन (D) एवरेस्ट अभियान

32. चन्द्रशेखर वेंकट रामन् ने किस चीज का अध्ययन किया ?

(A) प्रकाश की किरणों का

(B) प्रकाश के किरणों के प्रभाव का

(C) ठोस रवों का

(D) तरल पदार्थों का

33. 'धर्म की आड़' का लेखक किसका विरोधी है ?

(A) धर्म का

(B) राजनीति का

(C) धर्म में राजनीति के प्रवेश का

(D) राजनीति में धर्म के प्रवेश का

34. गिल्लू को किसने घायल किया ?

(A) दो कौओं ने (B) दो बिल्लियों ने

(C) दो कुत्तों में (D) दो चूहों ने

35. किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया ?

(A) उसे बड़े भाई की पिटाई का डर था ।

(B) उसे झूठ बोलना नहीं आता था ।

(C) उसे भरोसा था कि वह डंडे से साँप को मार डालेगा ।

(D) इनमें से सभी

36. 'रहिमन धागा प्रेम का' का क्या आशय है ?

(A) धागा प्रेम के समान कच्चा है ।

(B) प्रेम धागा के समान कच्चा है ।

(C) प्रेम धागे के समान अटूट है ।

(D) प्रेम और धागा एक जैसे हैं ।

37. बालिका की चिता देखकर सुखिया के पिता पर क्या बीती ?

(A) उसकी छाती जल उठी

(B) उसके दिल में आग लग गई

(C) उसे रोना आ गया

(D) वह मूर्च्छित हो गया

38. 'गीत-अगीत' कविता में 'पतझर' किसका प्रतीक है ?

(A) प्रसन्नता का (B) मृत्यु का

(C) दुख का (D) ह्रास का

39. हरिवंशराय बच्चन रचित कविता 'अग्नि पथ' का क्या आशय है ?

(A) क्रांति का रास्ता (B) प्रेम का रास्ता

(C) विनाश का रास्ता (D) संघर्ष का रास्ता

40. 'खुशबू रचते हैं हाथ' का आशय क्या है ?

(A) खुशबू की रचना हाथों से होती है ।

(B) हाथों में ही खूशबू होती है ।

(C) खुशबू रचने वालों की दुर्दशा देखिए ।

(D) दस्तकार बदबू में बसते हैं ।